भारत सरकार

विदेश मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2648

10.03.2021 को उत्तर दिए जाने के लिए

वैक्सीन मैत्री

2648. श्री अरविंद धर्मापुरी:

क्या **विदेश मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार चल रही 'वैक्सीन मैत्री' पहल का विस्तार करने पर विचार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) अन्य देशों को टीकों के प्रेषण हेतु मापदंड क्या हैं; और

(ग) 'वैक्सीन मैत्री' पहल के तहत भारत से विभिन्न देशों को भेजे गए टीकों की संख्या का देश-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

विदेश राज्य मंत्री

(श्री वी. मुरलीधरन)

(क) और (ख) भारत ने 20 जनवरी, 2021 को भारत में निर्मित टीकों की अन्य देशों को आपूर्ति शुरू की। आपूर्ति तीन तरीकों - अनुदान द्वारा विनिर्माताओं द्वारा वाणिज्यिक बिक्री और गावी की कोवैक्स सुविधा के माध्यम से की जा रही है। घरेलू उत्पादन, राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम की आवश्यकताओं और भारत में निर्मित टीकों के लिए अनुरोधों को ध्यान में रखते हुए, देश से बाहर आपूर्ति की जाती है। राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम की जरूरतों और उत्पादन के आधार पर चरणबद्ध तरीके से आगे आने वाले सप्ताहों और महीनों में भी आपूर्ति जारी रहेगी।

(ग) 4 मार्च 2021 तक भारत से भेजे गए टीकों का देश-वार विवरण **अनुबंध-I** पर दिया गया है।

लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2648 का अनुबंध-I

4 मार्च, 2021 तक भारत में निर्मित टीकों की आपूर्ति (लाख में)					
क्रम	देश	अनुदान	व्यावसायिक	कोवैक्स	कुल आपूर्ति
		मात्रा	मात्रा	मात्रा	
1	बांग्लादेश	20	70		90
2	म्यांमार	17	20		37
3	नेपाल	10	10		20
4	भूटान	1.5			1.5
5	मालदीव	2			2
6	मॉरीशस	1	1		2
7	सेशेल्स	0.5			0.5
8	श्रीलंका	5	5		10
9	बहरीन	1			1
10	ब्राजील		40		40
11	मोरक्को		70		70
12	ओमान	1			1
13	मिस्र		0.5		0.5
14	अल्जीरिया		0.5		0.5
15	दक्षिण अफ्रीका		10		10
16	कुवैत		2		2
17	संयुक्त अरब अमीरात		2		2
18	अफगानिस्तान	5			5
19	बारबाडोस	1			1
20	डोमिनिका	0.7			0.7
21	मेक्सिको		8.7		8.7
22	डोमिनिकन गणराज्य	0.3	0.2		0.5
23	सऊदी अरब		30		30
24	अल सल्वाडोर		0.2		0.2
25	अर्जेंटीना		5.8		5.8
26	सर्बिया		1.5		1.5

27	संयुक्त राष्ट्र के स्वास्थ्य कर्मी		1		1
28	मंगोलिया	1.5			1.5
29	यूक्रेन		5		5
30	घाना	0.5		6	6.5
31	आइवरी कोस्ट	0.5		5.04	5.54
32	सेंट लूसिया	0.25			0.25
33	सेंट किट्स और नेविस	0.2			0.2
34	सेंट विंसेंट और ग्रेनेडाइंस	0.4			0.4
35	सूरीनाम	0.5			0.5
36	एंटीगुआ और बारबूडा	0.4			0.4
37	कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य	0.5		17.16	17.66
38	अंगोला			6.24	6.24
39	गाम्बिया			0.36	0.36
40	नाइजीरिया			39.24	39.24
41	कंबोडिया			3.24	3.24
42	केन्या			10.20	10.2
43	लेसोथो			0.36	0.36
44	रवांडा	0.5		2.40	2.9
45	साओ टोम एंड प्रिन्सिपी			0.24	0.24
46	सेनेगल	0.25		3.24	3.49
47	ग्वाटेमाला	2			2
48	कनाडा		5.00		5
49	माली			3.96	3.96
50	सूडान			8.28	8.28
51	लाइबेरिया			0.96	0.96
52	मलावी			3.60	3.6
53	युगांडा			8.64	8.64
कुल		**73.5**	**288.4**	**119.16**	**481.06**

***